# फतेहगढ़ पुलिस

## प्रेस नोट –कोतवाली कायमगंज

## दिनांक - 16.08.2026

**कोतवाली कायमगंज पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 198/2024 धारा 420/467/468 भा0द0वि0 से वांछित 01 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।**

श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर **श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ** के निर्देशन, श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेंज, कानपुर **श्री यमुना प्रसाद** के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली कायमगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 198/2024 धारा 420/467/468 भा0द0वि0 में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।




**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-** अवधेश कुमार पुत्र शीशराम निवासी सवितापुर बिहारीपुर थाना कम्पिल जनपद फतेहगढ़।

**घटना का संक्षिप्त विवरण** – दिनांक 27.09.2024 को आवेदक अंकित पुत्र धनेश वर्मा निवासी मोहल्ला बजरिया वृदावन कोतवाली कायमगंज जनपद फतेहगढ़ द्वारा सूचना दी गई कि अभियुक्तों द्वारा परगना कम्पिल के गाटा सं0 230 रकबा 0.100 हे0, गाटा सं0 32 रकवा 0.080 हे0, गाटा सं0 33 रकवा 0.050 हे0 कुल क्षेत्र फल 0.1966 की धोखाधड़ी कर बैनामा कर जमीन को दोबारा विक्रय किया गया है। प्राप्त प्रा0पत्र के आधार पर कोतवाली कायमगंज पर मु0अ0सं0 198/24 धारा 420 भा0द0वि0 बनाम 1-राजेश कुमार 2- अवधेश कुमार पुत्रगण शीशराम निवासी सवितापुर बिहारीपुर परगना कंपिल तहसील कायमगंज जनपद फतेहगढ़ 3-शिवसिंह पुत्र होरीलाल निवासी ग्राम हमीरपुर काजी परगना कम्पिल कायमगंज जनपद फतेहगढ़ पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त की विवेचनात्मक कार्यवाही के दौरान अभियुक्त अवधेश कुमार उपरोक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ विवरण अभियुक्त -** अवधेश कुमार उपरोक्त ने पूछताछ करने पर अपने जुर्म की माँफी मांगते हुए अपने बयान अपने अधिवक्ता के माध्यम से माननीय न्यायालय के समक्ष देना बताया।

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त अवधेश कुमार उपरोक्त -**

1. मु0अ0सं0 198/2024 धारा 420/467/468 भा0द0वि0 थाना कायमगंज जनपद फतेहगढ़।

**गिरफ्तार करने वाली कोतवाली कायमगंज पुलिस टीम-**

1- प्र0नि0 श्री विनोद कुमार शुक्ल थाना कायमगंज जनपद फतेहगढ़

2- निरीक्षक श्री बाढ़ू यादव

3- का0 सोनवीर

4- आ0 अमित श्रीवास्तव

5- म0का0 फरीन

**मीडिया सेल फतेहगढ़ ।**

# फतेहगढ़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

अमर उजाला

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस कर्मी सम्मानित



स्वतंत्रता दिवस पर महिला पुलिस कर्मी को सम्मानित करतीं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह। स्रोत: पुलिस



शमसाबाद थानाध्यक्ष सचिन सिंह चौधरी को सम्मानित करतीं एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ। स्रोत: पुलिस

**फर्रुखाबाद।** पुलिस लाइन कैंप कार्यालय में एसपी आरती सिंह ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने अधिकारियों व कर्मचारियों को राष्ट्र की एकता व अखंडता की शपथ दिलाई। सराहनीय कार्य करने वाले पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। शमसाबाद थानाध्यक्ष सचिन सिंह चौधरी को कानपुर में एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में एएसपी गिरीश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक आदि मौजूद रहे। सीएमओ कार्यालय में सीएमओ डॉ. आनंद उपाध्याय ने ध्वजारोहण के बाद कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र दिया। (संवाद)

मीडिया सेल फतेहगढ़